# एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड

(एनटीपीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)
रजि. कार्यालयः एनटीपीसी भवन, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया,
लोधी रोड, नई दिल्ली – 110003

**विज्ञापन सं. 01/24**

एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल), एनटीपीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली एक सहायक कंपनी है, जिसकी नवीकरणीय ऊर्जा और हाइड्रोजन उत्पादन व्यवसाय की सम्पूर्ण मूल्य श्रृंखला में उपस्थिति है। हमारे देश की विकास सम्बन्धी चुनौतियों के अनुरूप, कंपनी ने 2032 तक 60 गीगावॉट की कुल स्थापित क्षमता प्राप्त करने की महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है।

एनजीईएल निम्नलिखित विवरण के अनुसार **03 वर्षों की निश्चित अवधि के आधार पर नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अनुभवी पेशेवरों** की तलाश कर रहा है:

**क. पद का नामः अभियंता (आरई–सिविल)– 20 पद**

**योग्यताः** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 60% अंकों के साथ सिविल इंजीनियरिंग में बीई/बी.टेक डिग्री।

**आवश्यक अनुभवः** जियोटेक/पाइलिंग/फाउंडेशन/स्ट्रक्चरल स्टील/टावर स्ट्रक्चर/स्विच यार्ड आदि में योग्यता के बाद न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव। आरई के अनुभव वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**ऊपरी आयु सीमाः 30 वर्ष**

**ख पद का नामः अभियंता (आरई–इलेक्ट्रिकल) – 29 पद**

**योग्यताः** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 60% अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीई / बी. टेक डिग्री।

**आवश्यक अनुभवः** स्विचयार्ड / इलेक्ट्रिकल टेस्टिंग / ट्रांसमिशन सिस्टम / ट्रांसफार्मर में योग्यता के बाद न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव। आरई के अनुभव वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**ऊपरी आयु सीमाः 30 वर्ष**

**ग. पद का नामः अभियंता (आरई–मैकेनिकल) – 09 पद**

**योग्यताः** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 60% अंकों के साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीई/बी.टेक डिग्री। एमई/एम. टेक डिग्री वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**आवश्यक अनुभवः** जोखिम वाले स्थानों में पर्यवेक्षण/निष्पादन में शामिल होने सहित योग्यता के बाद उद्योग में न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव। आरई के अनुभव वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**ऊपरी आयु सीमाः 30 वर्ष**

**घ. पद का नामः कार्यपालक (आरई–मानव संसाधन) – 01 पद**

**योग्यताः** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 60% अंकों के साथ मानव संसाधन में विशेषज्ञता सहित मानव संसाधन/औद्योगिक संबंध/कार्मिक प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ प्रबंधन में न्यूनतम 2 साल की पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिग्री/स्नातकोत्तर डिप्लोमा/स्नातकोत्तर कार्यक्रम सहित स्नातक या सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर या एमएचआरओडी या एमबीए।

**आवश्यक अनुभवः** मानव संसाधन कार्यों/औद्योगिक संबंधों में योग्यता के बाद न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव। एसएपी, एमएस ऑफिस और डेटा एनालिटिक्स की समझ रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**ऊपरी आयु सीमाः 30 वर्ष**

**ङ. पद का नामः अभियंता (आरई–सीडीएम)– 01 पद**

**योग्यताः** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी विषय में स्नातक इंजीनियरिंग डिग्री या पर्यावरण विज्ञान/पर्यावरण इंजीनियरिंग/पर्यावरण प्रबंधन में मास्टर डिग्री।

**आवश्यक अनुभवः** निम्नलिखित में से एक या अधिक क्षेत्रों में परामर्श के क्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्ष की योग्यता उपरांत अनुभवः जीएचजी कमी कार्यक्रमों के तहत पंजीकरण और सत्यापन, उत्सर्जन व्यापार, कार्बन तटस्थता, जलवायु परिवर्तन और स्थिरता, ऊर्जा/बिजली के लिए डीकार्बोनाइजेशन रणनीति विकसित करना।

**ऊपरी आयु सीमाः 32 वर्ष**

**च. पद का नामः कार्यपालक (आरई–वित्त)– 01 पद**

**योग्यताः** अर्हताप्राप्त सीए / सीएमए

**आवश्यक अनुभवः** वित्त/लेखा के क्षेत्र में योग्यता के बाद न्यूनतम 01 वर्ष का अनुभव (आर्टिकल शिप अवधि को छोड़कर)।

**ऊपरी आयु सीमाः 30 वर्ष**

**छ. पद का नामः अभियंता (आरई–आईटी) – 01 पद**

**योग्यताः** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 60% अंकों के साथ कंप्यूटर विज्ञान या सूचना प्रौद्योगिकी में बीई/बी.टेक डिग्री।

**आवश्यक अनुभवः** LAN, WAN, स्विचेस टेलीफोन एक्सचेंज, ऑडियो/विजुअल सिस्टम, डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर, वेब डिजाइनिंग, सर्वर, पीसी, प्रिंटर और अन्य आईटी हार्डवेयर को संभालने जैसे संचार और नेटवर्किंग उपकरणों में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव।

**ऊपरी आयु सीमाः 30 वर्ष**

**ज. पद का नामः कार्यपालक (आरई–नैगम संचार) – 01 पद**

**योग्यताः** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा कम से कम 60% अंकों के साथ पत्रकारिता/विज्ञापन एवं जनसंपर्क/जनसंचार में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा।

**आवश्यक अनुभवः** प्रासंगिक में किसी प्रतिष्ठित सरकारी/पीएसयू/निजी कंपनी में काम करने का न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव। कॉरपोरेट कम्युनिकेशन/जनसंपर्क को संभालने में सक्षम होना चाहिए, विज्ञापन/मीडिया, ऑडियो–विजुअल प्रचार, मीडिया कवरेज का प्रबंधन करने का ज्ञान होना चाहिए।

**ऊपरी आयु सीमाः 30 वर्ष**

**सभी पदों के लिए पारिश्रमिकः** निश्चित व परिवर्तनीय घटकों सहित अनुमानित कुल पारिश्रमिक रु. 83,000.00 होगा।

ऊपर उल्लिखित पारिश्रमिक केवल सांकेतिक है। वास्तविक पारिश्रमिक अनुभव, नियुक्ति के स्थान और नियुक्ति के अन्य नियमों व शर्तों पर निर्भर करेगा।

**आरक्षणः**

| पद का नाम | पदों की संख्या | आरक्षण |
|---|---|---|
| अभियंता (आरई–सिविल) | 20 | अनारक्षित–10, ईडब्ल्यूएस–1, ओबीसी–05, एससी–03, एसटी–1 |
| अभियंता (आरई–इलेक्ट्रिकल) | 29 | अनारक्षित–14, ईडब्ल्यूएस–02, ओबीसी–07, एससी–04, एसटी–02 |
| अभियंता (आरई–मैकेनिकल) | 09 | अनारक्षित–06, ओबीसी–02, एससी–01 |
| कार्यपालक (मा.सं.) | 01 | अनारक्षित–1 |
| अभियंता (आरई–सीडीएम) | 01 | अनारक्षित–1 |
| कार्यपालक (आरई–वित्त) | 01 | अनारक्षित–1 |
| अभियंता (आरई–आईटी) | 01 | अनारक्षित–1 |
| कार्यपालक (आरई–नैगम संचार) | 01 | अनारक्षित–1 |

सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के लिए रिक्तियां (03 रिक्तियां पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के लिए आरक्षित हैं)।

**अभियंता (आरई–सिविल)** के पद के लिए पहचाने गए विकलांगता के प्रकारः क) डी, एचएच ख) ओए, ओएल, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी ग) एसएलडी, एमआई घ) एमडी जिसमें उपरोक्त (क) से (ग) शामिल है, **अभियंता (आरई–इलेक्ट्रिकल)**ः क) डी, एचएच ख) ओए, ओएल, डीडब्ल्यू, एएवी ग) एसडी (एम), एसएलडी, एमआई घ) एमडी जिसमें उपरोक्त (क) से (घ) शामिल हैं, **अभियंता (आरई–मैकेनिकल)**ः क) डी, एचएच ख) ओए, ओएल, डीडब्ल्यू, एएवी ग) एसडी (एम), एसएलडी, एमआई घ) एमडी जिसमें उपरोक्त (क) से (घ) शामिल हैं, **कार्यपालक (आरई–मानव संसाधन)**ः क) बी, एलवी ख) डी, एचएच ग) ओए, बीए, ओएल, बीएल, ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एमडीवाई घ) एसएलडी, एमआई, एएसडी ड़) एमडी जिसमें उपरोक्त (क) से (घ) शामिल हैं, **अभियंता (आरई–सीडीएम)**ः क) बी, एलवी ख) डी, एचएच ग) ओए, बीए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीएलओए, बीएलए, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी घ) एमडी जिसमें उपरोक्त (क) से (ग) शामिल है, **कार्यपालक (आरई–वित्त)**ः क) बी, एलवी ख) डी, एचएच ग) ओए, बीए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीएलओए, बीएलए, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, घ) एमडी जिसमें उपरोक्त (क) से (घ) शामिल हैं, **अभियंता (आरई–आईटी)**ः क) बी, एलवी ख) डी, एचएच ग) ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, घ) एसएलडी, एमआई, एएसडी(एम) ड़) एमडी जिसमें उपरोक्त (क) से (घ) शामिल हैं, **कार्यपालक (आरई–नैगम संचार)**ः क) बी, एलवी ख) डी, एचएच ग) ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी घ) एसएलडी, एमआई, एएसडी (एम) ड़) एमडी जिसमें उपरोक्त (क) से (घ) शामिल हैं।

ऊपर बताई गई अनुमानित रिक्तियों की कुल संख्या एनजीईएल प्रबंधन के विवेक पर बढ़ाई/घटाई जा सकती है।

**स्वास्थ्य**

उम्मीदवार का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। नियुक्ति से पहले, उम्मीदवारों को निर्दिष्ट सरकारी अस्पताल में चिकित्सा जांच से गुज़रना होगा और निर्णय अंतिम व बाध्यकारी होगा। स्वास्थ्य मानकों में किसी प्रकार की छूट की अनुमति नहीं है।

**सामान्य शर्तेंः**

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।
2. सभी योग्यताएं भारत में मान्यता प्राप्त और अनुमोदित विश्वविद्यालयों / संस्थानों द्वारा होनी चाहियें।
3. विज्ञापन में उल्लिखित ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के संबंध में आयु / आवश्यक अनुभव / योग्यता की सभी गणना की जायेगी।
4. किसी विशेष श्रेणी से सम्बंधित होने का दावा करने वाले उम्मीदवारों के पास आवश्यक रूप से सक्षम प्राधिकारी से वैध आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग / ओबीसी / एससी / एसटी / विकलांगता प्रमाणपत्र, जैसा भी मामला हो, होना चाहिए। जहाँ ऐसी श्रेणी के लिए कोई रिक्ति पहचानी जाती है, वहां एससी / एसटी उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु में 5 वर्ष, ओबीसी उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष और पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए 10 वर्ष की छूट दी जाती है। 01.01.80 से 31.12.89 की अवधि के दौरान जम्मू और कश्मीर राज्य में रहने वाले उम्मीदवारों के लिए आयु में 5 वर्ष की छूट। पूर्व सैनिकों को सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार आयु में छूट। सरकारी कार्यालयों या पीएसयू में कार्यरत उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जमा करना आवश्यक है। एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के लिए, योग्यता डिग्री में न्यूनतम अंक **50% है।**
5. चयन दो चरण की शॉर्टलिस्टिंग यानी कि दिल्ली/नोएडा में आयोजित होने वाली ऑनलाइन लिखित परीक्षा द्वारा किया जाएगा। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। प्रबंधन आवश्यकता के अनुसार न्यूनतम पात्रता मानकों/मानदंडों को बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
6. आवश्यकता के आधार पर, यदि आवश्यक हो तो बिना किसी अतिरिक्त सूचना के और बिना कोई कारण बताये रिक्तियों की संख्या को रद्द / प्रतिबिंबित / घटाने / बढ़ाने का अधिकार कंपनी के पास सुरक्षित है।
7. पोस्टिंग एनजीईएल के किसी भी स्टेशन / परियोजना / संयुक्त उद्यम / सहायक कंपनियों में होगी। सभी पद प्रबंधन के विवेक पर हस्तांतरणीय हैं।
8. पद के लिए आवेदन करते समय, आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि वह ऊपर उल्लिखित पात्रता और अन्य मानदंडों को निर्दिष्ट तिथियों के अनुसार पूरा करता है / करती है और यह भी कि प्रस्तुत किये गए विवरण सम्पूर्ण रूप से सही हैं। यदि भर्ती के किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि उम्मीदवार पात्रता के मानदंडों को पूरा नहीं करता है और / या उसने कोई गलत / झूठी जानकारी दी है या किसी महत्वपूर्ण तथ्य (यों) को छुपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी स्वतः रद्द हो जायेगी। यदि नियुक्ति के बाद भी उपरोक्त में से कोई कमी पायी जाती है / पहचानी जाती है तो उसकी सेवाएं बिना किसी सूचना के समाप्त की जा सकती हैं। किसी भी रूप में पक्षप्रचार करने पर उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
9. केवल इस तथ्य पर कि एक उम्मीदवार ने विज्ञापन के आधार पर आवेदन जमा किया है और स्पष्ट रूप से विज्ञापन में निर्धारित मानदंडों को पूरा करता है, उसे साक्षात्कार के लिए निश्चित रूप से बुलाए जाने / चयन प्रक्रिया के लिए आगे विचार करने का अधिकार नहीं दिया जाएगा।
10. इस विज्ञापन और / इसके जवाब में आवेदन से उत्पन्न होने वाले किसी भी दावे या विवाद के संबंध में कोई भी कार्यवाही केवल दिल्ली में ही शुरू की जा सकती है और केवल दिल्ली के न्यायालयों / न्यायाधिकरणों / फोरमों के पास ऐसे किसी भी कारण / विवाद के लिए एकमात्र और अनन्य अधिकार क्षेत्र होगा।
11. यदि अंग्रेजी के अलावा अन्य संस्करणों में व्याख्या के कारण कोई अस्पष्टता / विवाद उत्पन्न होता है, तो अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

**आवेदन कैसे करें**

इच्छुक उम्मीदवार आवेदन करने के लिए हमारी वेबसाइट **www.ngel.in** पर करियर सेक्शन में जाएँ। आवेदन का कोई अन्य माध्यम / तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवार के पास एक वैध ईमेल आईडी होनी चाहिए। एनजीईएल उम्मीदवारों को भेजे गए किसी भी ईमेल के बाउंस होने के लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा। सामान्य / ईडब्ल्यूएस / ओबीसी श्रेणी से सम्बंधित उम्मीदवारों को रु. 500/– का गैर–वापसी योग्य आवेदन शुल्क देना होगा। एससी / एसटी / पीडब्ल्यूबीडी / पूर्व सैनिक श्रेणी और महिला उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है।

**ऑनलाइन मोड में भुगतानः** उम्मीदवार के पास शुल्क का भुगतान ऑनलाइन (नेट बैंकिंग / डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड) के माध्यम से करने का भी विकल्प है। ऑनलाइन भुगतान का विकल्प ऑनलाइन आवेदन पत्र में उपलब्ध होगा।

**एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जायेगा। इसलिए उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन शुल्क का भुगतान करने से पहले अपने पात्रता मानदंड को सत्यापित कर लें।** ऑनलाइन आवेदन करने के बाद, उम्मीदवार को विशिष्ट पंजीकरण संख्या के साथ सिस्टम द्वारा उत्पन्न पंजीकरण की स्लिप डाउनलोड करनी होगी। भविष्य में सन्दर्भ के लिए उम्मीदवार पंजीकरण की स्लिप की एक प्रति अपने पास रख सकते हैं। हमें डाक द्वारा कोई दस्तावेज़ भेजने की आवश्यकता नहीं है।

यह अनिवार्य है कि योग्य उम्मीदवार विज्ञापन का पूरा पाठ पढ़ें और पद के लिए आवेदन करते समय दी गयी सभी शर्तों से सहमत हों। कोई भी अतिरिक्त परिशिष्ट / शुद्धिपत्र / अद्यतन केवल हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

**ऑनलाइन आवेदन की शुरुआतः** 21.03.2024

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथिः** 13.04.2024